web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 12 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 285

## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वर्ण तस्करों पर आईटीबीपी ने चलाया चाबुक, 80,44,92,000 रुपए की सोने की खेप जब्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लद्दाख में सोने की एक बड़ी खेप पकड़ी गई है। आईटीबीपी के जवानों ने चीन से तस्करी कर लद्दाख में लाए गए 108 किलो सोने की खेप को जब्त किया है। इस मामले में दो तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। प्रदेश के जिला लेह के न्योमा सेक्टर में दो आरोपी धरे गए हैं। साथ ही आरोपियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि इस समय सोने की कीमत बाजार में 74,490 रुपये हैं, ऐसे में 108 किलो सोने की कीमत 80,44,92,000 रुपए होती है। दोनों आरोपियों की पहचान त्सेरिंग चंबा और तेनजिन तारगी निवासी कोयुल, न्योमा के रूप में हुई है। इनके पास से चाइनीज खाने-पीने के सामान के साथ चाकू, हथौड़े और टॉर्च समेत कई सामान बरामद किए गए हैं।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकियों पर नकेल के लिए हाईलेवल बैठक, पंजाब के डीजीपी पहुंचे कठुआ

**कठुआ (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद हुए पांच जवानों की शहादत का बदला लेने के लिए?जम्मू-कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना पूरी तरह से तैयारियों में जुट गई है। इन दोनों की मदद के लिए पंजाब पुलिस भी आगे आई है। आज जिला पुलिस लाइन कठुआ में जम्मू कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन, पंजाब के डीजीपी गौरव यादव सहित सेना और खुफिया एजेंसियों के आला अधिकारियों के बीच बैठक हो रही है। इस बैठक में आतंकियों का सफाया करने पर विचार चर्चा होगी। बैठक के बाद एक रिपोर्ट गृह और रक्षा मंत्रालय को भेजी जाएगी। इस हाई लेवल मीटिंग में बी.एस.एफ. के डी.जी. भी शामिल हैं। दरअसल हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में होने वाले आतंकी हमलों की संख्या बढ़ गई है और अमरनाथ यात्रा भी चल रही है इसलिए आतंकियों की हलचल पर लगाम कसनी बहुत जरूरी हो गई है।

### खान यूनिस में स्कूल पर इजरायली हमले में 25 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा ।** दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक स्कूल को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए। दरअसल स्कूल के कैंपस में टेंट लगाकर कुछ लोग रह रहे थे जब इजरायल ने हमला किया। इजरायली विमानों ने मिसाइल से अल-अवदा स्कूल के गेट को निशाना बनाया। खान यूनिस के पूर्व में अबासन अल-कबीरा शहर में सैकड़ों विस्थापित लोग रह रहे हैं। फिलिस्तीनी कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर साझा किए गए वीडियो में दर्जनों शव खून से लथपथ जमीन पर पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि इजरायली हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 25 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए। क्षेत्र में विस्थापित लोगों की अधिक भीड़ के कारण मरने वालों की संख्या बढने की संभावना है। इस घटना के बारे में इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। यह हमला पिछले चार दिनों में गाजा में शेल्टर के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे स्कूल भवन पर किया गया चौथा इजरायली हमला है और यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजरायल ने खान यूनिस और गाजा शहर के कुछ हिस्सों को खाली करने के नए आदेश जारी किए हैं। इसके कारण हजारों लोगों को भागने पर मजबूर होना पड़ा है और तीन प्रमुख अस्पतालों को बंद करना पड़ा है।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अल्पसंख्यकों के जीवन में आया बदलाव : आईएमएफ

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी संगठनों इंडियन माइनॉरिटीज फाउंडेशन (आईएमएफ) और द यूनिटी ऑफ फेथ फाउंडेशन, इंडिया (टीयूएफएफ) ने न्यूयॉर्क में एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जहां विभिन्न धर्मों के नेताओं ने मोदी सरकार 3.0 को लेकर चर्चा की। इस दौरान अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर मोदी 3.0 का जश्न भी मनाया गया। राज्यसभा सांसद और आईएमएफ संयोजक सतनाम सिंह संधू का कहना है कि 2014 तक, अल्पसंख्यक समुदाय लगभग 65 वर्षों से विकास और शिक्षा के मामले में अपने पिछड़ेपन को स्वीकार कर चुके थे और खुद को अलग-थलग महसूस करते थे।

# चंदौली में तेज बारिश के साथ आसमान से काल बनकर गिरी बिजली, एक बच्चे समेत 6 लोगों की मौत

**चंदौली । आरएनएस**

चंदौली में तेज बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। प्राकृतिक आपदा में दर्जन भर लोग झुलस गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार कर रहे चिकित्सक ने बताया कि सभी झुलसे लोगों की हालत अब खतरे से बाहर है।

बता दें, बुधवार शाम (10 जुलाई) जिले के अलग अलग हिस्सों में आकाशीय बिजली से कई लोग हताहत हुए। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के भिसौड़ी गांव में मोती सिवान में भैंस चरा रहा था तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। ऐसे ही अलीनगर थाना क्षेत्र के बरूईपुर गांव में भैंस चराते समय एक बच्चे समेत दो लोग आकाशीय बिजली की जद में आए और सभी की जान चली गई।



वहीं मुगलसराय कोतवाली के ही कुंडा कला गांव में गंगा किनारे दो लोग भी आकाशीय बिजली के शिकार हो गए। इनके अलावा कंदवा थाना क्षेत्र स्थित कोदई गांव निवासी मुनीब बिंद भी आकाशीय बिजली की चपेट में आए और उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई।

जिला अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि 16-17 लोगों को लाया गया था जिसमें से 6 लोगों की मौत हो चुकी थी और बाकी का इलाज चल जिला अस्पताल में ही चल रहा है।

जिला प्रशासन ने भी 6 मौत की पुष्टि की है। अपर जिला अधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि बुधवार दोपहर मौसम बहुत खराब था। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी और जनपद के अलग अलग हिस्सों में 6 लोगों की जान चली गई। इनमें से एक का शव बरामद नहीं किया जा सका है क्योंकि वो उस समय गंगा नदी में था।

## कार पर पलटा पेट्रोल से भरा टैंकर, एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, पहले ट्रेलर से हुई थी भिड़ंत, शव गाड़ी में ही बुरी तरह चिपके

**राजसमंद । आरएनएस**

राजसमंद जिले में हुए एक भीषण सडक़ हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उदयपुर-ब्यावर हाईवे पर चारभुजा थाना सर्किल के अंतर्गत मानसिंह का गुढा में हुआ। पहले एक ट्रेलर और पेट्रोल से भरे टैंकर की भिड़ंत हुई, जिसके बाद टैंकर क्रेटा कार पर पलट गया। कार सवार सभी लोग टैंकर के नीचे दब गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक केलवाड़ा (राजसमंद) के निवासी थे।



हादसे की जानकारी मिलते ही राजसमंद के कलेक्टर डॉ. भंवरलाल और स्थानीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्रेन मंगवाई और टैंकर को सीधा किया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाया गया ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके। टैंकर के नीचे फंसी कार को निकालने के लिए सिविल डिफेंस टीम को भी बुलाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक द्वारा ओवरटेक करने के प्रयास में यह हादसा हुआ। टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत के बाद टैंकर कार पर पलट गया। हादसे के बाद भी टैंकर से पेट्रोल का रिसाव जारी था, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

मरने वालों में दीनबंधु (32) पुत्र जगदीश उपाध्याय, पुरुषोत्तम उर्फ पवन उपाध्याय (40), पुत्र जगदीश उपाध्याय, रेणुका उपाध्याय (34) पत्नी पुरुषोत्तम उपाध्याय, मनसुख देवी (68) पत्नी जगदीश उपाध्याय शामिल हैं।

इस दुखद घटना ने पूरे इलाके को शोक में डाल दिया है। प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है और मृतकों के परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

## पूर्व सांसद जया प्रदा को कोर्ट से मिली बड़ी राहत, आचार संहिता उल्लंघन मामले में बरी

**रामपुर । आरएनएस**

पूर्व सांसद और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा को गुरुवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिली। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट ने जया प्रदा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

गुरुवार को कोर्ट में अपने अधिवक्ता के साथ जया प्रदा पहुंची थीं। न्यायालय ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए पूर्व सांसद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। जया प्रदा के अधिवक्ता ने पूरे मामले में उनके पक्ष को मजबूती से रखा। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) के न्यायाधीश शोभित बंसल ने फैसला सुनाया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा आरोप साबित नहीं होने पर जया प्रदा को दोषमुक्त कर दिया। जया प्रदा ने कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि न्यायालय के निर्णय से वह खुश और भावुक हैं। सत्य की जीत होती है। अदालत का बहुत धन्यवाद।

जया प्रदा के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के समय आचार संहिता उल्लंघन के दो मामले दर्ज हुए थे। इनमें एक मामला केमरी थाने का है, जिसे वीडियो निगरानी टीम के प्रभारी कुलदीप भटनागर की ओर से दर्ज कराया गया था। इसमें कहा गया था कि 18 अप्रैल 2019 को भाजपा प्रत्याशी जया प्रदा की पिपलिया मिश्र गांव में जनसभा हुई थी। जया प्रदा ने बसपा सुप्रीमो मायावती और आजम खां को लेकर बयान दिया था। एक मामले में अभियोजन की गवाही पूरी होने के बाद पूर्व सांसद के बयान दर्ज होने थे। जबकि, दूसरे मामले में गवाही चल रही थी। लेकिन, पूर्व सांसद कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। इसके चलते कोर्ट ने पूर्व सांसद के खिलाफ कई बार गैर जमानती वारंट जारी किए।

## चारधाम यात्रा : बदरीनाथ हाईवे तीन दिन से बंद; 3 हजार से अधिक यात्री फंसे; वाहनों में गुजारी रात

**देहरादून । आरएनएस**

जोशीमठ के पास बंद बदरीनाथ हाईवे तीसरे दिन भी बंद है। स्थिति यह है कि हाईवे पर आए बड़े बोल्डरों को हटाने के लिए विस्फोट भी किया गया, परंतु दो बार किए गए विस्फोट से भी बात नहीं बनी। हाईवे खोलने के लिए सीमा सडक़ संगठन की मशीनों लगातार काम कर रही हैं। लेकिन पहाड़ी के दरकने के चलते हाईवे सुचारू करने में दिक्कतें आ रही है। वहीं हाईवे पीपलकोटी, पातालगंगा और भनेरपानी में खुल गया है।



गौरतलब है कि मंगलवार सुबह बदरीनाथ हाईवे पर जोशीमठ में वन विभाग चौकी के पास मलबा आ गया था। मलबा साफ करने के दौरान यहां पर भारी चट्टान गिरकर हाईवे पर आ गई, जिससे हाईवे का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बीआरओ व एनएच की मशीनें लगातार कार्य कर रही हैं। अभी फिलहाल पैदल ही आवाजाही शुरू हो पाई है। हाईवे खुलने के लिए अभी एक दिन का इंतजार करना पड़ सकता है। बताया गया कि बुधवार को दिन में बड़े बोल्डरों पर विस्फोट भी किया गया । लेकिन बोल्डर का छोटा हिस्सा ही टूट पाया। बीआरओ की रणनीति है कि विस्फोट से बड़े बोल्डरों को तोड़ कर हाईवे सुचारू किया जाए। सीमा सडक़ संगठन के कमांडर कर्नल अंकुर महाजन ने कहा कि यहां पर पैदल रास्ता बना दिया गया है। हाईवे खोलने का कार्य रात्रि भर चलेगा। गुरुवार तक हाईवे को सुचारू कर दिया जाएगा।

हाईवे बंद होने से बदरीनाथ धाम व हेमकुंड ,फूलों की घाटी, औली आने जाने वाले यात्री व पर्यटक फंसे हैं। बताया गया कि हेमकुंड व बदरीनाथ धाम से लौट रहे 800 से अधिक यात्री जोशीमठ गोविंदघाट मे फंसे हुए हैं। यात्री अपनी गाडिय़ों में ही रात गुजारने को मजबूर हैं। बकि 2200 यात्री बदरीनाथ धाम हेमकुंड फूलों की घाटी जाने के लिए हेलंग, पीपलकोटी, बिरही, चमोली आदि पड़ावों में रोके गए हैं।

बदरीनाथ हाईवे पर चट्टान दरकने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले बलदौड़ा, हनुमानचट्टी घुड़सिल, जोशीमठ व अब पातालगंगा भूस्खलन जोन में भारी भूस्खलन हुआ है। इस दौरान धूल का गुब्बार के साथ पत्थरों की बरसात से पूरा क्षेत्र सहम गया। भूस्खलन से हाईवे पर बनी हाफ आरसीसी टनल को भी नुकसान पहुंचा है।

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई के हाथ लगी 'बड़ी मछली', मास्टरमाइंड रॉकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली । आरएनएस**

नीट पेपर लीक केस में सीबीआई को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पिछले कई दिनों से सीबीआई की टीम जिसे तलाश रही थी, वो आखिरकार पकड़ा ही गया। सीबीआई ने झारखंड से रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया है। जिसे आज पटना कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को रॉकी की 10 दिनों की रिमांड दी है। इससे पहले रॉकी के भारत छोड़ नेपाल भागने की खबर थी। जिसे आज सीबीआई ने आज धर दबोचा है। दरअसल रॉकी ही वो कड़ी है। जिसकी मदद से मुख्य सेटर तक सीबीआई पहुंच सकती है। जिसकी भूमिका प्रश्न-पत्र को आउट कराने में सबसे अहम है।

रॉकी मूलरूप से बिहार के नवादा का रहने वाला है। उसका वास्तविक नाम राकेश है। पिछले कुछ सालों से वह झारखंड की राजधानी रांची में रहकर रेस्टोरेंट चलाता है। सीबीआई टीम ने चार मुख्य आरोपियों चिंटू, मुकेश, मनीष और आशुतोष को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। जिसमें रॉकी से जुड़े कई सवाल पूछे गए थे बताया जा रहा है कि रॉकी ने ही नीट का पेपर लीक होने के बाद उसे हल कराकर चिंटू के मोबाइल पर भेजा था। चिंटू से खासतौर से रॉकी के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है। चिंटू से एक और संजीव मुखिया को लेकर भी जानकारी ली जा रही है। क्योंकि वह संजीव की भांजी का पति है। संजीव के नेपाल भागने की सूचना मिल रही है।




वहीं आरोपी मनीष और आशुतोष ने ही पटना के खेमनीचक स्थित निजी स्कूल में करीब 35 छात्रों के नीट का पेपर रटवाने का इंतजाम किया था। यह सब चिंटू के अलावा किसके कहने पर किया गया था, चिंटू के साथ और कौन लोग इसमें शामिल हैं, इसकी जानकारी इनसे ली जा रही है। इस तरह के कई सवालों के जवाब सीबीआई तलाश रही है। नीट पेपर लीक मामले में मंगलवार को सीबीआई ने पटना से दो और आरोपियों सनी कुमार और रंजीत कुमार को गिरफ्तार था। सनी नालंदा का रहने वाला है। जबकि रंजीत गया का रहने वाला है। रंजीत ने अपने बेटे की नीट परीक्षा में सेटिंग कराई थी। हालांकि अभी तक उसके बेटे क गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे पहले सीबीआई ने बिहार से पहली गिरफ्तारी मनीष प्रकाश और आशुतोष कुमार के रूप में की थी।

दोनों ने नीट पेपर लीक में सेटर की भूमिका निभाई थी। और पटना के लर्न एंड प्ले स्कूल में नीट परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र रटवाए गए थे। सीबीआई ने उनके पास से मिले दो मोबाइल फोन को भी जब्त किए हैं। मनीष और आशुतोष पर नीट परीक्षा के पहले 4 और 5 जून को अभ्यर्थियों को पटना के प्ले लर्न स्कूल में ठहराने का आरोप है। नीट पेपर लीक मामले के मास्टर माइंड, पैसे के लेनदेन, अभ्यर्थियों की सही संख्या, फरार संजीव मुखिया, पेपर के लिए निर्धारित पैसे सहित अन्य जानकारियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।आपको बता दें बिहार में नीट पेपर लीक की जांच पहले आर्थिक अपराध शाखा कर रही थी। जिसके बाद इसे सीबीआई को हैंडओवर कर दिया था। इस मामले में अब तक सीबीआई 6 से ज्यादा लोगों को आरोपी बना चुकी है। धनबाद से भी सीबीआई ने कई आरोपियों को पकड़ा है। जिसमें अमन सिंह समेत चार आरोपितों की सीबीआई रिमांड की अवधि चार दिन और बढ़ गई है। सीबीआई ने धनबाद से गिरफ्तार अमन सिंह के अलावा हजारीबाग से ओएस स्कूल के प्राचार्य एहसान उल हक, उपप्राचार्य इम्तियाज, पत्रकार जमालुउद्दीन से पूछताछ के लिए सीबीआई रिमांड की अवधि बढ़ाने के लिए विशेष अदालत से अनुरोध किया था।

नीट पेपर लीक मामला

## जुलाई के तीसरे हफ्ते से शुरू होगी काउंसलिंग, सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

**नई दिल्ली । आरएनएस**

नीट पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। सरकार का कहना है कि डेटा विश्लेषण से बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का कोई संकेत नहीं मिला है। इसलिए वो नीट यूजी री-एग्जाम के समर्थन में नहीं है। जुलाई के तीसरे हफ्ते से नीट काउंसलिंग शुरू होगी। इसी मामले में एनटीए ने भी सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में आज सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि नीट से संबंधित आंकड़ों पर आईआईटी मद्रास ने व्यापक तकनीकी मूल्यांकन किया है। डेटा विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि असामान्य स्कोर के कारण किसी भी स्थानीय उम्मीदवार को लाभ नहीं मिला है। इसके समाधान के लिए हर संभव कदम और तंत्र स्थापित करने के लिए चौतरफा प्रयास किया जा रहा है।

सरकार ने कहा है कि एक तरफ ये सुनिश्चित किया जा रहा है कि कदाचार के दोषी किसी भी उम्मीदवार को कोई लाभ न मिले। दूसरी तरफ यह सुनिश्चित किया जाए कि 23 लाख छात्रों पर केवल आशंकाओं के आधार पर एक नई परीक्षा का बोझ न डाला जाए। केंद्र सरकार मजबूत परीक्षा प्रक्रिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सीए का रिजल्ट हुआ जारी, फाइनल में शिवम और इंटरमीडिएट में कुशाग्र ने किया टॉप

**नई दिल्ली । आरएनएस**

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंट्स ऑफ इंडिया ने सीए मई इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा 2024 का परिणाम जारी कर दिया है। सीए फाइनल एग्जाम 2024 में दिल्ली के शिवम मिश्रा ने 500 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया टॉप किया है। दिल्ली की ही वर्षा अरोड़ा ने 480 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। तीसरे स्थान पर मुंबई की किरण राजेंद्र सिंह और नवी- मुंबई के घिल्मन सलीम अंसारी रहे हैं। सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भिवाड़ी के कुशाग्र रॉय ने 538 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। दूसरे स्थान पर युग सचिन करिया और यज्ञ ललित चंदक रहे, जिन्हें एक समान 526 अंक प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर दिल्ली के मनित सिंह भाटिया और मुंबई के हिरेश काशीराम्का रहे, जिन्हें 519 अंक मिले। मई में हुई सीए फाइनल परीक्षा 2024 में ग्रुप 1 की परीक्षा 74887 उम्मीदवारों ने दी थी, जिसमें से 20479 उम्मीदवार ही परीक्षा पास कर पाए। ग्रुप 2 की परीक्षा 58891 उम्मीदवारों ने दी थी, जिसमें सिर्फ 21408 उम्मीदवार ही परीक्षा पास कर पाए। दोनों ग्रुप की परीक्षा 35819 उम्मीदवारों ने दी थी, जिसमें से 7122 उम्मीदवार ही पास हो पाए। दोनों ग्रुप का पासिंग पर्सेंटेज 19.88 प्रतिशत रहा। आईसीएआई के द्वारा जारी की गई जानकारी के मुताबिक सीए मई इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में ग्रुप 1 में 1,17,764 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से केवल 31978 उम्मीदवारों ने ही एग्जाम पास किया है। वहीं ग्रुप 2 की परीक्षा 71145 उम्मीदवारों ने दी थी, जिसमें से 13008 उम्मीदवार ही पास हुए। दोनों ग्रुप की परीक्षा 59956 उम्मीदवारों ने दी थी, जिसमें से 11041 उम्मीदवार ही पास हुए।

## हाथरस में सड़क हादसा : बस ने खड़े कंटेनर को मारी टक्कर, 2 की मौत

**हाथरस । आरएनएस**

उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सडक़ हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। गुरुवार सुबह तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने खड़े कंटेनर को टक्कर मार दी। हादसे में 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए इनमें से 5 की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, ये हादसा हाथरस की सिकन्दराराऊ कोतवाली क्षेत्र में सामने आया है। एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस अनियंत्रित हो कर रास्ते में खड़े कंटेनर से टकरा गई। इस एक्सीडेंट में बस में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग हादसे में घायल हो गए।




वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बागला जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि हादसे में घायल हुए लोगों में से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

हाथरस के सीएमओ डॉ मंजीत सिंह ने घटना की जानकारी दी। उन्होंन बताया कि घायलों को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जिनमें से कुछ मरीजों को अलीगढ़ रेफर कर दिया है। जबकि दो लोगों की मौत हो गई।

इससे पहले बुधवार को यूपी के उन्नाव में भी तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला था। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे।

ये बस बिहार के मोतिहारी से दिल्ली जा रही थी। तभी डबल डेकर बस की दूध के टैंकर से टक्कर हो गई। वहीं, इस हादसे के बाद बिहार सरकार ने मृतकों के परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बस हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की।